जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

22 सितम्बर 2023

प्रेस विज्ञप्ति

**जामिया में ऑस्ट्रेलिया की मेलबर्न यूनिवर्सिटी के प्रतिनिधिमंडल ने किया शिक्षा संकाय का दौरा**
**शिक्षा संकाय की डीन प्रोफेसर सारा बेगम ने किया गर्मजोशी से स्वागत**

ऑस्ट्रेलिया के एक अकादमिक प्रतिनिधिमंडल ने जामिया मिलिया इस्लामिया के शिक्षा संकाय का दौरा किया और टीचिंग-लर्निंग की गतिविधियों को करीब से अनुभव किया। उनके स्वागत के लिए संकाय के सेमिनार हॉल में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें संकाय के सभी शिक्षकों ने भाग लिया।

शिक्षा संकाय की डीन प्रोफेसर सारा बेगम ने प्रतिनिधिमंडल का गर्मजोशी से स्वागत किया और शिक्षकों को मदरसा से शुरू हुई अपनी यात्रा के बारे में जानकारी दी। उन्होंने शिक्षा संकाय की स्थापना का इतिहास प्रस्तुत भी किया। उन्होंने यह भी बताया कि डॉ. जाकिर हुसैन ने गांधीजी के मार्गदर्शन में इस संस्था की स्थापना की थी, जो देश के प्रमुख शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालयों में से एक है और जहां 9 शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम चल रहे हैं, जिसमें तीन भाषाओँ यानी उर्दू, हिंदी और अंग्रेजी में पढ़ाई होती है और शिक्षकों को तैयार किया जाता है| उन्होंने शिक्षा संकाय की महत्वपूर्ण विशेषताओं के बारे में भी विस्तार से बताया।

शिक्षक प्रशिक्षण और गैर-औपचारिक शिक्षा विभाग की अध्यक्ष प्रोफेसर जेसी अब्राहम ने विभाग में चल रहे विभिन्न कार्यक्रमों पर संक्षेप में प्रकाश डाला। शैक्षिक अध्ययन विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर अरशद इकराम अहमद ने प्रतिनिधिमंडल को विभाग की गतिविधियों और कार्यक्रमों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि विभाग का ध्यान अनुसंधान पर है और विभाग के सभी शिक्षकों का इसमें महत्वपूर्ण योगदान है।

इस अवसर पर सभी शिक्षकों ने संक्षिप्त परिचय देने के बाद मेलबर्न विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों पर प्रकाश डाला। वे यहां की शिल्प आधारित शिक्षा प्रणाली से बहुत प्रभावित हुए और दीर्घकालिक संबंध स्थापित करने पर जोर दिया। इसके साथ उन्होंने लैब का निरीक्षण भी किया और इससे बहुत प्रभावित हुए। उन्होंने लैब का वीडियो भी बनाया और तस्वीरें भी लीं। उन्होंने इंटीरियर डेकोरेशन टीचर डॉ. शादमान यास्मीन से लैब के बारे में विस्तृत जानकारी भी ली।

डीएलडी पाठ्यक्रम समन्वयक और सहायक प्रॉक्टर डॉ. मोहम्मद असजद अंसारी ने सभी अतिथियों को धन्यवाद दिया।

जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया